TEACHERS OF BIHAR

# दैनिक ज्ञानकोश

सीखें-सिखाएं, बिहार को आगे बढ़ायें




teachersofbihar@gmail.com
https://twitter.com/teachersofbihar
https://www.youtube.com/c/teachersofbihar
https://www.facebook.com/teachersofbihar
https://www.linkedin.com/company/teachersofbihar
www.teachersofbihar.org

2024

# Teachers of Bihar

*The change makers*

# दिवस ज्ञान

**शशिधर उज्जवल**

## 06 अप्रैल

1. **विश्व शांति के लिए अंतर्राष्ट्रीय खेल दिवस–** संयुक्त राष्ट्र संघ ने 6 अप्रैल को विश्व शांति के लिए अंतर्राष्ट्रीय खेल दिवस घोषित किया है। 1896 ई. में पहले ओलंपिक खेलों को शुरूआत 6 अप्रैल को ही एंथेस में हुआ था। यह प्रस्ताव संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 23 अगस्त, 2013ई. को पारित किया। प्राचीन ओलंपिक खेलों पर रोमन सम्राट थिडोसियस द्वारा रोक लगाए जाने के 1500 साल बाद दोबारा अस्तित्व में आए।

2. **नमक कानून तोड़ा गया–** गांधी जी ने श्री मति सरोजनी नायडू और अब्बास तैयवजी के साथ 6 अप्रैल, 1930 ई. को गुजरात के दांडी नामक स्थान पर समुद्र का पानी उबालकर नमक बनाया तथा मिट्टी और नमक के ढेला उठाकर घोषणा की कि ''मैं ब्रिटिश साम्राज्य की नींव हिलाकर रख दूँगा।'' इस तरह गांधी जी ने नमक कानून का उल्लंघन किया। देश के भी कई जगहों पर नमक बनाकर कानून तोड़े गए। दांडी मार्च की सफलता ने इस बात को प्रमाणित कर दिया कि गांधी एक असाधारण और विलक्षण प्रतिभा के व्यक्ति थे। उनमें अहिंसा और सत्य को आधार बनाकर तथा सारे कष्टों को झेलकर आम आदमी के मुक्ति तथा न्यायपूर्ण सामाजिक व्यवस्था की स्थापना के लिए संघर्षरत रहने में उनकी आस्था थी।
   - **संदर्भः अतीत से वर्तमान, भाग 3, अध्याय 1, पृष्ठ 13 तथा अध्याय 12, पृष्ठ 204** से जोड़कर बच्चों को बतायें।

3. **रॉबर्ट पियरे उत्तरी ध्रुव पर पहुँचे–** 6 अप्रैल, 1909 को रॉबर्ट ई0 पियरे उत्तरी ध्रुव पर पहुँचने वाले व्यक्ति बने। सन् 1856 में जन्में रॉबर्ट पियरे अमेरिकी नौसेना के ऑफिसर थे। इस यात्रा की शुरूआत उन्होंने जुलाई 1908 ई. में रूजवेल्ट जहाज द्वारा न्यूयार्क से प्रारंभ की थी और सितम्बर 1909 ई. में घर वापस पहुँचे। पियरे व उनके साथी मैथ्यु हैंसन एस्किमों लोगों व स्लेज गाड़ियों की मदद से उत्तरी ध्रुव पर पहुँचे।
   - **संदर्भः** बच्चों को भूगोल की पाठ्यपुस्तक **हमारी दुनिया भाग 1, अध्याय 3** से जोड़कर बतायें।

4. **भारतीय जनता पार्टी की स्थापना दिवस–** 6 अप्रैल, 1980 ई. को भारतीय जनता पार्टी की स्थापना हुई थी। श्यामा प्रसाद मुखर्जी द्वारा 1951 ई. में स्थापित भारतीय जनसंघ से इस नई पार्टी का जन्म हुआ। 1977 ई. में आपातकाल की घोषणा के बाद जनसंघ का कई अन्य दलों से विलय हुआ और जनता पार्टी का उदय हुआ। पार्टी ने 1977 के आम चुनाव में कांग्रेस से सत्ता छीन ली और 1980 ई. में जनता पार्टी को भंग करके भारतीय जनता पार्टी की नींव रखी गई।
   - **संदर्भः** वर्ग दशम् नागरिक शास्त्र की पुस्तक की **अध्याय 3 भारत के मुख्य राजनीतिक दल** से जोड़कर बतायें।

Saturday



*Madhu priya*

# Teachers of Bihar

The change makers

# दिवस विशेष

6 अप्रैल

मधु प्रिया

## अंतर्राष्ट्रीय खेल दिवस 6 अप्रैल


अंतर्राष्ट्रीय खेल दिवस




विकास और शांति के लिए अंतर्राष्ट्रीय खेल दिवस 6 अप्रैल को मनाया जाता है। यह तिथि 1896 में, एथेंस (ग्रीस) में आधुनिक युग के पहले ओलंपिक खेलों के उद्घाटन की याद दिलाती है। विकास और शांति के लिए अंतर्राष्ट्रीय खेल दिवस सामाजिक परिवर्तन , सामुदायिक विकास और शांति और समझ को बढ़ावा देने के लिए खेल की शक्ति का एक वार्षिक उत्सव है। 23 अगस्त 2013 में संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा बनाया गया , 6 अप्रैल 2014 से अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति द्वारा समर्थित। यह तिथि 1896 में एथेंस , (ग्रीस ) में आधुनिक युग के पहले ओलंपिक खेलों के उद्घाटन की याद दिलाती है । पुरे विश्व भर में खेल को विकास और शांति हेतु बनाये रखने और बढ़ावा देने के लिए अंतर्राष्ट्रीय खेल दिवस मनाया जाता है। वर्ष 2021, में 6 अप्रैल मंगलवार के दिन विकास और शांति हेतु अंतर्राष्ट्रीय खेल दिवस मनाया गया है। अंतर्राष्ट्रीय ओलिंपिक कमेटी के संस्थापक सह आधुनिक ओलिंपिक खेलों के जनक फ्रांसीसी इतिहासकार पियरे फ्रेडे बैरोन डि कूबर्टिन के प्रयास से छह अप्रैल 1896 को एथेंस में पहला आधुनिक ओलिंपिक खेल शुरू हुआ था, इसलिए इस दिन को अंतराष्ट्रीय खेल दिवस मनाने का फैसला लिया गया।

# जन्मदिन विशेष 06 अप्रैल

राकेश कुमार




**दिलीप बलवंत वेंगसरकर** *Dilip Balwant Vengsarkar*, जन्म- 6 अप्रॅल, 1956, राजपुर, मुम्बई) क्रिकेट की दुनिया के बेहतरीन और महान खिलाड़ी रहे हैं। वर्ष 1983 का वो सुनहरा पल जब भारत ने विश्वकप जीता था, तब यह इंडियन क्रिकेट टीम का हिस्सा थे और वर्ल्डकप जीतने में अपनी भूमिका निभाई थी। तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने वाले दिलीप वेंगसरकर एक दशक से ज्यादा समय तक भारतीय क्रिकेट टीम में रहे। क्रिकेट की दुनिया में अच्छी बल्लेबाजी के लिए काफी मशहूर भी हुए। दिलीप वेंगसरकर ने उस समय जबर्दस्त सुर्खिया बटोरी, जब उन्होंने 1975 में ईरानी ट्रॉफी में मुंबई की तरफ से खेलते हुए 110 रन बनाये थे। इस पारी का जादू ऐसा चला कि वेंगसरकर को तुरंत भारतीय टीम में शामिल कर लिया गया था।

Teachers of Bihar

The Change Makers

राकेश कुमार

# शिक्षा शब्दकोश

आज का शब्द 06.04.2024

## स्मृतिलोप

**मस्तिष्क की क्षति या मस्तिष्क के किसी रोग के कारण से याद करने की क्षमता में जो कमी आती है उसे स्मृतिलोप (Amnesia) कहते हैं। किन्तु कुछ दवाओं के सेवन के कारण भी अस्थायी रूप से कम समय के लिए स्मृतिलोप की समस्या देखने को मिल सकता है।**

# रोचक तथ्य/सामान्य ज्ञान

Rakesh kumar



पूर्व प्रधानमंत्री **मनमोहन सिंह** 33 साल बाद आज **राज्यसभा** से रिटायर हो रहे हैं। वे **1991** में सबसे पहली बार **असम** से राज्यसभा पहुंचे थे। छठी और आखिरी बार वे **2019** में राजस्थान से **राज्यसभा सांसद** बने।

TOB

राकेश कुमार

# खेल कॉर्नर

## IPL 2024




# IPL में 10 ओवर के बाद सबसे बड़ा स्कोर

| स्कोर | खिलाफ | कहां | साल |
|---|---|---|---|
| 148/2 | SRH vs MI | हैदराबाद | 2024 |
| 135/1 | KKR vs DC | विशाखापट्नम | 2024 |
| 131/3 | MI vs SRH | अबू धाबी | 2021 |
| 131/3 | PBKS vs SRH | हैदराबाद | 2014 |
| 130/0 | Deccan Chargers vs MI | मुंबई | 2008 |

TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS

QUIZ TIME

# Today's Quiz

## Quiz Number 361

## "इंटरपोल" का मुख्यालय कहां स्थित हैं ?



A. हेग (नीदरलैंड)

B. लिओन (फ्रांस)

C. संघाई(चीन)

D.  लंदन (इंगलैंड)

www.teachersofbihar.org

सही उत्तर: B

## TOB बूझो तो जानें. .



386

हरी झंडी लाल कमान, तोबा तोबा करे इंसान

....... बुझो तो जानें ?




www.teachersofbihar.org

संजय कुमार


TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
6 अप्रैल
INTERNATIONAL
SPORTS DAY
विश्व में 'विकास और शान्ति हेतु अंतर्राष्ट्रीय
खेल दिवस' मनाया जाता है।
मधु प्रिया
/teachersofbihar

06 अप्रैल 2024

# Teachers of Bihar

The Change Makers

## आज का सुविचार

अधिक बलवान तो वे ही होते हैं

जिनके पास बुद्धि बल होता है।

**महर्षि वेदव्यास**



राकेश कुमार